# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**MID-TERM EXAMINATION 2024-25**

**HINDI**

Class : VII
Date : 23.09.2024
Admission No.:

Duration: 3.00 Hrs
Max. Marks: **80**
Roll No.:

---

**सामान्य निर्देश –** 1. इस प्रश्न पत्र के **चार** खण्ड़ हैं – क, ख, ग, और घ।
2. चारों खण्ड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

---

## खण्ड क (वाचन कौशल )

**प्रश्न 1 निम्नलिखत अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए –** (5)

प्राचीन काल में मथुरा में एक अत्याचारी राजा था। उसका नाम कंस था। उसकी एक बहन देवकी थी। उसका विवाह वासुदेव के साथ हुआ। जब देवकी की विदाई हो रही थी तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी की आठवीं संतान कंस को मारेगी। इतना सुनते ही कंस ने वासुदेव एवं देवकी को कारागार में डाल दिया। उसकी सात संतानों को उसने मार डाला। वासुदेव ने अपनी आठवीं संतान कृष्ण को नंदगाँव पहुँचा दिया। नंद और यशोदा ने बड़े लाड़ प्यार से उनका पालन–पोषण किया। कृष्ण ने बड़े होकर कंस का वध किया। अपने माता–पिता तथा प्रजा को अत्याचारी कंस से छुटकारा दिलाया। आगे चलकर कृष्ण यदुवंशियों के राजा बने।

**(क)** कंस कहाँ का राजा था ? ( अयोध्या / मथुरा / काशी )
**(ख)** देवकी का विवाह किसके साथ हुआ था ? ( वासुदेव / जनक / सकुनी )
**(ग)** कृष्ण कौनसी संतान थे ? ( छठी / सातवीं / आठवीं )
**(घ)** कृष्ण किस वंश के राजा बने ? ( कौरव / यदुवंश / मौर्य )
**(ड.)** नंदगाँव में किसने कृष्ण का पालन पोषण किया ? ( नंद और यशोदा/दास और दासी )

**प्रश्न 2 निम्नलिखत अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए –** (5)

एक बार राजा अकबर बीमार पड़ गए। बीमारी के कारण वे रात–रात भर जागते रहते। नींद उनसे कोसों दूर भाग गई थी। राजवैद्य ने कई दवाइयाँ व उपाय आज़मा लिए, पर कोई लाभ नहीं हुआ। सारी दुनिया रात में सोती और बादशाह अकबर जागते। अकबर को तो वैसे ही किस्से कहानियाँ सुनने का बड़ा शौक था। अकबर ने रोज रात को एक कहानी सुनने का निश्चय किया। इस तरह प्रतिदिन रात को कोई–न कोई दरबारी आकर अकबर को कहानी सुनाने लगा।

**(क)** एक बार कौन बीमार पड़ गया ?
i. बीरबल ii. सिपाही iii. अकबर iv. मंत्री

**(ख)** कौन उनसे कोसों दूर भाग गई ?
i. नींद ii. भूख iii. आलस iv. बीमारी

**(ग)** किसने दवाइयाँ दी ?
i. मरीज ii. राजवैद्य iii. सेवक iv. माली

**(घ)** सारी दुनिया कब सोती ?
i. दिन में ii. दोपहर में iii. सुबह में iv. रात में

(ङ.) अकबर को कौन–सा शौक था ?

i. कहानी सुनना  ii. विश्राम करना  iii. खेलना  iv. पढ़ना

## खण्ड ख ( व्याकरण )

**प्रश्न 3. निम्नलिखत प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर छाँटकर लिखिए–**

**(1)** कविता लिखने वाला रेखांकित अंश को एक शब्द में क्या कहेंगे ? **(1)**

**क.** लेखक **ख.** कवि **ग.** चित्रकार **घ.** नाटककार

**(2) शत्रु** शब्द का विलोम शब्द क्या है ? **(1)**

**क.** दुश्मन **ख.** अपना **ग.** मित्र **घ.** पराया

**(3) चयन** शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ? **(1)**

**क.** खोज **ख.** लड़ना **ग.** दोस्ती **घ.** चुनाव

**(4)** वह हर दिन पढ़ता था। में सर्वनाम है – **(1)**

**क.** वह **ख.** हर **ग.** दिन **घ.** पढ़ता था

**(5)** रमेश सुबह से पाठ पढ़ रहा है। वाक्य में कर्म कारक कहाँ प्रयुक्त हुआ है ? **(1)**

**क.** रमेश **ख.** सुबह से **ग.** पाठ **घ.** पढ़ रहा है।

**(6)** गुण शब्द के अनेकार्थक शब्द हैं – **(1)**

**क.** स्वभाव **ख.** शील **ग.** धनुष की डोरी **घ.** उपरोक्त सभी

**(7)** विराट शब्द का वर्णविच्छेद है – **(1)**

**क.** व + इ + र + आ + ट + अ **ख.** व् + इ + र् + आ + ट् + अ

**ग.** व् + ई + र् + आ + ट् + अ **घ.** व् + ई + रा + ट् + अ

**(8)** पुरुष शब्द का स्त्रीलिंग शब्द है – **(1)**

**क.** इस्त्री **ख.** स्त्री **ग.** पत्नी **घ.** पुत्री

**(9)** प्रतिदिन शब्द में कौन सा उपसर्ग है – **(1)**

**क.** प्रती **ख.** प्रति **ग.** प्र **घ.** दिन

**(10)** शारीरिक शब्द में कौन सा प्रत्यय है ? **(1)**

**क.** शार **ख.** इक **ग.** रिक **घ.** रीरिक

**(11)** सचिन लगातार खेलता रहता है। वाक्य में उद्देश्य है – **(1)**

**क.** सचिन **ख.** लगातार **ग.** खेलता **घ.** रहता है

**(12)** कपिलदेव एक प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं। वाक्य में विधेय है – **(1)**

**क.** कपिलदेव **ख.** कपिलदेव एक

**ग.** कपिलदेव एक प्रसिद्ध **घ.** एक प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं।

**(13)** थोड़ा रुकने के लिए कौन सा विरामचिह्न प्रयुक्त होता है ? **(1)**

**क.** ( ? ) **ख.** ( । ) **ग.** ( , ) **घ.** ( . )

**(14)** लोहे के चने चबाना मुहावरे का अर्थ है – **(1)**

**क.** लोहे के चने खाना **ख.** ताकतवर होना

**ग.** कठिन परिश्रम करना **घ.** दाँत मज़बूत होना

**(15)** आँखें लाल होना का अर्थ है – **(1)**

**क.** कम सोना **ख.** आँखों की बीमारी होना

**ग.** अधिक क्रोध आना **घ.** चोट लगना

**(16)** में/पर किस कारक के चिह्न हैं ? **(1)**

**क.** करण **ख.** संबंध

**ग.** अधिकरण **घ.** अपादान

## खण्ड ग ( साहित्य )

**प्रश्न 4. पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए–** **(5)**

अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16 वें राष्ट्रपति थे। 4 मार्च,1861 से 15 अप्रैल 1865 तक वे इस पर पर बने रहें। 12 फरवरी, 1809 को केंटकी के होजनविले में लिंकन का जन्म हुआ। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा ज्यादातर घर पर रहकर ही प्राप्त की। वे खूब पढ़ते–लिखते थे और खेती के काम में अपने पिताजी का हाथ बँटाते थे। बड़े होकर उन्होंने वकालत की पढ़ाई की और वकील बने।

**प्रश्न –**

**(1)** अब्राहम लिंकन का जन्म कहाँ हुआ ?

**क.** फ्रांस **ख.** इंग्लैंड **ग.** जापान **घ.** होजनविले

**(2)** अब्राहम लिंकन कहाँ के राष्ट्रपति थे।

**क.** अमेरिका **ख.** इंग्लैंड **ग.** जापान **घ.** जनेवा

**(3)** अब्राहम लिंकन प्रारंभिक शिक्षा कहाँ प्राप्त की ?

**क.** स्कूल **ख.** घर में **ग.** आँगन **घ.** गली

**(4)** वे किस काम में अपने पिताजी की मदद करते थे ?

**क.** बाजार में **ख.** घर में **ग.** खेत में **घ.** गली

**(5)** वे बड़े होकर क्या बने ?

**क.** वैज्ञानिक **ख.** जादूगर **ग.** व्यापारी **घ.** वकील

**प्रश्न 5. पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए–** **(5)**

इतने ऊँचे उठो कि जितना उठा गगन है।
देखो इस सारी दुनिया को एक दृष्टि से,
सिंचित करो धरा, समता की भाव वृष्टि से
जाति भेद की, धर्म–वेश की काले रंग–द्वेश की,
ज्वालाओं से जलते जग में इतने शीतल बहो कि जितना मलय पवन है।।

**(1)** दुनिया को कैसी दृष्टि से देखना है ?

**क.** असमान दृष्टि से **ख.** समान दृष्टि से

**ग.** प्रेम दृष्टि से **घ.** प्रत्येक दृष्टि से

**(2)** कवि ने किससे ऊँचा उठने के लिए कहा है ?

**क.** सागर से **ख.** पर्वत से **ग.** पेड़ों से **घ.** आसमान से

**(3)** सबके साथ कैसा भाव रखना है ?

**क.** दुर्भाव **ख.** निर्भाव **ग.** सद्भाव **घ.** कोई पर्याय सही नहीं

**(4)** धरती को किससे सींचने के लिए कहा है ?

**क.** बारिश के पानी से **ख.** समानता के भावों से

**ग.** सागर के पानी से **घ.** साफ सुथरे जल से

**(5) धरा** शब्द का पयार्यवाची क्या है ?

**क.** भूमि **ख.** धरती **ग.** भू **घ.** उपरोक्त सभी

**प्रश्न 6. दिए गए प्रश्नों के अति लघु उत्तर लिखिए –** **(5)**

(क) कवि नए हाथों से किसको सँवारने की बात कर रहे हैं ?
(ख) मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए किन–किन चीजों की आवश्यकता होती है ?
(ग) शारीरिक और मानसिक कसरत न करने से क्या होता है ?
(घ) अंत में साधु को क्या समझ में आ गया ?
(ड.) विराट कोहली के पिताजी का क्या नाम था ?

**प्रश्न 7 :– दिए गए प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए –** **(6)**

(क) विश्व किन ज्वालाओं में जल रहा है ?

(ख) शरीर को स्वस्थ रखने के लिए क्या–क्या करना चाहिए ?

(ग) पाठ के आधार पर विराट कोहली का जीवन परिचय लिखिए।

**प्रश्न 8 :– दिए गए प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए –** **(9)**

(क) देवदत्त ने शक्ति के बारे में साधु को क्या बताया ?

(ख) गगन के समान ऊँचा उठने के लिए क्या करना होगा ?

(ग) महाराज ने एक हजार एक कवियों में से दरबारी कवि का चुनाव कैसे किया ?

**प्रश्न 9.** धरती को हम स्वर्ग कैसे बना सकते हैं ? विस्तार से लिखिए। (**मूल्यपरक प्रश्न**) **(4)**

## खण्ड घ ( लेखल कौशल )

**प्रश्न 10. अपनी मनपसंद पुस्तक के लिए 20–25 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए :–** **(5)**

**प्रश्न 11. अनुच्छेद लेखन 60 से 80–100 शब्दों में कीजिए – ( कोई एक)** **(5)**

क. मेरा प्रिय मित्र

ख. पुस्तकालय का महत्व

**प्रश्न 12. दो मित्र के बीच संवाद जिसमें परीक्षा में प्रथम आने पर चर्चा कर रहे हैं।** **(5)**

**प्रश्न 13. दिए गए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में करो :–** **(5)**



**" शुभकामनाएँ "**